पत्रांक—04/NULM-06/2018 /न0वि0एवं0आ0वि0

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

विशेष सचिव—सह—निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

प्रधान सचिव,
स्वास्थ्य विभाग।
प्रधान सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

दिनांक—

विषयः— **दिनांक—12.10.2018 को अप0 1:00 बजे आयोजित आश्रय स्थल के प्रगति एवं अनुश्रवण हेतु गठित स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कमिटी की चतुर्थ बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में भाग लेने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि आश्रयविहीनों के लिए संचालित आश्रय स्थल के प्रगति एवं अनुश्रवण हेतु गठित स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कमिटी की बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाती है। कमिटि की पूर्व बैठक में आपसी सामंजन स्थापित करने एवं योजना के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि की आवश्यकता महसूस करते हुए आगामी बैठक से वर्णित दोनो विभाग के प्रतिनिधि को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्णित कमिटि की चतुर्थ बैठक श्री गिरीश शंकर, सेवानिवृत भा0प्र0से0, की अध्यक्षता में प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के कार्यालय कक्ष में दिनांक—12.10.2018 को अप0 1:00 बजे प्रस्तावित है।

अतः अनुरोध है कि वर्णित बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में भाग लेने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,
ह0/—
विशेष सचिव—सह—निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक—04/NULM-06/2018 दिनांक—
प्रतिलिपिः—श्री गिरीश शंकर, सेवावृित भा0प्र0से0, 105/बी0 पाटलिपुत्र कॉलनी, पटना, ई—मेल—girishshankar@yahoo.co.in/प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/—
विशेष सचिव—सह—निदेशक।

ज्ञापांक—04/NULM-06/2018 2512 दिनांक— 10/10/18
प्रतिलिपिः—टीम लीडर, पी0एम0सी0—एन0यु0एल0एम0 7वां तल, इन्दिरा भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10.10.18
विशेष सचिव—सह—निदेशक।

E:\NeS2 NoFtNa\Section-4\Lalan Jee\Special secre..doc 64